## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 08.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर आज नयी दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को अवगत कराया गया। मौके पर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सभी दलों ने सेना की कार्रवाई का एकमत से समर्थन किया और सरकार के हर कदम में साथ देने का भरोसा दिलाया। श्री रिजिजू ने जानकारी दी कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है।

*********************

पहलगाम आतंकी हमले के बाद देशभर में सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। इसके तहत रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर भी चौकसी बढ़ा दी गई है, जहां एंट्री गेट पर यात्रियों के सामान की जांच की जा रही है। सीआईएसएफ की टीम स्निफर डॉग की मदद से एयरपोर्ट की हर गतिविधि पर कड़ी नजर रख रही है।

*********************

पाकुड़ जिले के अमरापाड़ा और लिट्टीपाड़ा प्रखंड के सिमलोंग ओपी क्षेत्र में वायु सेना और स्थानीय पुलिस ने पहलगाम आतंकी घटना के मद्देनज़र ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चलाया। अधिकारियों ने लोगों को अफवाहों से बचने, आपात स्थिति में सतर्क रहने और आवश्यक सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। लिट्टीपाड़ा थाना प्रभारी ने बताया कि ग्रामीणों ने सहयोग का आश्वासन दिया है और किसी भी आपात स्थिति में संपर्क के लिए उन्हें मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराए गए हैं।

*********************

राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड लोक सेवा आयोग–जेपीएससी को विश्वविद्यालयों में रिक्त पड़े सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति जल्द करने का निर्देश दिया है। राजभवन की ओर से भेजे गये पत्र में कहा गया है कि विश्वविद्यालयों से भेजी गयी अधियाचनाओं के आलोक में सहायक प्रोफेसर के सभी रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाये, ताकि राज्य में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

*********************

तमाड़ पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पतरा जंगल के पास 700 किलोग्राम नशीला पदार्थ जब्त किया है। मौके से एक कंटेनर और उसके चालक को भी हिरासत में लिया गया है। बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश सिंह ने जानकारी दी कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है और तस्करी में शामिल अन्य लोगों की तलाश जारी है।

*********************

पलामू जिले की मेदिनीनगर नगर निगम ने क्षेत्र में जल संकट को दूर करने की दिशा में पहल की है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*********************

राज्य के नौ जिलों में 10 मई से लू चलने की चेतावनी को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। दुमका, पाकुड़, गोड्डा, देवघर, जामताड़ा और साहिबगंज सहित कई जिलों में 10 और 11 मई को तेज गर्मी और लू की स्थिति बन सकती है। आज रांची, जमशेदपुर और चाईबासा सहित कई शहरों में तापमान लगभग 36 से 39 डिग्री सेल्सियस तक रिकॉर्ड किया गया।

**********************

आईपीएल टी20 क्रिकेट में चेन्नई सुपर किंग्स ने कल ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स को आखिरी ओवर में दो विकेट से हरा दिया। आज पंजाब किंग्स का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। ये मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

**********************